(b) The total amount, out of that, as referred to in part (a) above sanctioned for District Mohindergarh and Rewari Constituency, separately; and

(c) Whether there is any proposal under consideration of Government to ochange the procedure of the sanctioning/spending of building fund of the school?

ि ाक्षा मंत्री (श्री खुर ीद अहमद):

(क) विद्यालय भवनों के निर्माण/मुरम्मत हेतु स्वीकृत रा ि ा तथा खर्च का ब्यौरा निम्न प्रकार है:—

वर्श	स्वीकृत रा ि ।	व्यय
1985-86	328.37	305.59
1986-87	540.46	498.80
1987-88	385.50	374.13
1988-89	372.00	उपलब्ध नही

(ख) जिलावार रा ि । स्वीकृतियां जारी नही की जाती।

(ग) हां जी, मामला विचारधीन है।

Supply of stationery Articles to schools

87. Sh. Raghu Yadav: Will the Minister for education be pleased to state-

(a) The total number of manufactures who were allotted the work of supply exercise books for schools inthe state during the years 1984-85, 1985-86, 1986-87, 1987-88 and 1988-89 (up date) togetherwith the quantity thereof allotted and supplied by them; and

(b) Whether there is any proposal under consideration of the Government to open Government Consumer stores for the supply of stationery articles, science appartus and sports goods etc. to the schools?

Interim Reply

"D.O. No.....

Minister of state for

Cooperation, Haryana.

Dr. Raghuvir Singh

M.Sc., LL.B., Ph.D

Subject: Unstarred question No. 87 listed for 24-08-1988.

Dear Chatha Sahab,

The above cited queston was transferred to my department by the education department only yesterday. On study of the question, I find that the informationwill have to be collected from all over the state, which will take atleast a month. It is, therefore, requested whtt a month's extension may kindly be granted for supplying information to the Vidhan Sabha.

With Regards.

Your Sincerly,

Sd/-

(Raghuvir Singh)

Sh. H.S. Chatha,

Speaker,

Haryana Vidhan Sabha,

Chandigarh.

Kund Mines

88. Sh Raghu Yadav: Will the Minister for Industries be pleased to state-

(a) The time since when the digging work is being done by the Haryana Minerals Ltd. in the mines of Kund;

(b) The number of labourers working therein for more htan five years; and

(c) Whether the said labourers are working on parmanent basis?

उद्योग मंत्री (डा0 किरपा राम पुनिया):

(क) दिसम्बर, 1972 से।

(ख) 196

(ग) नियमित/स्थाई

विभिन्न विशयों को उठाया जाना

श्री रघु यादवः अध्यक्ष महोदय, मैने दो काल अटैन्शन मोशन्ज के नोअिस दिये है, उनके बारें में आपका क्या निर्णय है? मेरा पहला मोशन मुख्य मंत्री महोदय के टेलीफोन टेप करने से सम्बन्धित था। इस बारें में 32 विधायकों ने सार्वजनिक रूप से आरोप भी लगाया है।

श्री अध्यक्षः यादव याहब, इस बारें सरकार से कमैन्टस मांगे हुए है जो अभी तक नही आए है।

श्री रघु यादवः मेरा दूसरा मौ ान वृद्धावस्था पैन् ान के बारें में है। रेवाड़ी क्षेत्र के कई पात्र बुजुर्गो के नाम उस पैन् ान सूची में से काट दिए गये है। उसका क्या बना? बड़ा महत्वपूर्ण मसला हैं

Mr. Speaker: Yadav Ji, that has been dis-allowed.

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब, एच0 एस0 आई0 डी0 सी0 की 20वी रिपोर्ट के बारें में, मैने रूल 84 के अन्तर्गत डिस्क ानका एक निोअिस दिया था। उस का क्या बना?

श्री अध्यक्षः वह 26.08.1988 के लिए लगाया गया है

श्री रघु यादवः धन्यवाद

चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंहः स्पीकर साहब, मैने एक काल अटैन्शान मौ ान का नोटिस फरीदाबाद कम्पलैक्स के बारें में दिया थ उसक या फेट है?

श्री अध्यक्षः वह 25.08.1988 के लिए लगाया गया है।

श्री मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, व्यापरियों से सम्बन्धित फार्म 38 के बारें में मेरा एक काल अटैन् ान मो ान था उसका क्याय फेट है? अगर सम्बन्धित मंत्री महोदय उस बारें में अपने ब्यान दे दे तो हम उनके कृतज्ञ होगे।

श्री अध्यक्षः डाक्टर साहब इसकेलिये सरकार से कमैट्स मांगे हुए है।

कामरोड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, मेरा एक प्रिवलिज मो ान था, उस बारें में बता दीजिएगा क्या हुआ?

श्री अध्यक्षः आपका मो ान विचारधीन है?

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, मैने भी एक काल अटैन ान मो ान का नोटिस दिया था।

श्री अध्यक्षः आलरेडी काल अटैन ान नं0 2 ओर 4 उसी सबजैक्ट पर ऐडमिटिड है। आपको भी मौका मिलेगा।

श्री बलबरी सिंह चौधरीः धन्यवाद जी।

श्री कुन्दर लाल भाटियाः स्पीकरसाहब, 22 तारीख को फरीदाबाद की सफाई के बारें में मैने भी एक काल अटैन ान मो ान दियाथ उसके बारें में क्या फैसला हुआ?

श्री अध्यक्षः इस बारें में आपका कोई नोअिस नही आया है। आप कृपया बैठिए

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मैने जीरी के भाव से संबधित एक काल अटैन ान मो ान का नोटिस दिया कि जीरी आजकल मार्किट में आने वाली है और सरकार ने इसका भाव केवल डेढ़ सौ रूपया पर/क्विंटल ही फिक्स किया है, जोकि बहुत थोड़ा है। उसके बारें में जरा बता दीजिएगा कि क्या किया गया है?

श्री अध्यक्षः आर्य साहब, कब दिया था?

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, आज सुबह।

श्री अध्यक्षः इतनी जल्दल कैसे आ जायेगा? It must be under process of examination.

ध्यानकर्शण प्रस्ताव

हरियाणा राज्य में उग्रवादियों की गतिविधयों से लोगों में आंतक होने संबंधी

Mr. Speaker: Hon. Members, I have received a notice of Call Attention Motion No. 3 from Sh. Hira Nand Arya, M.L.A. regarding terror amongst the people due to terrorist activeites in Haryana State. I admit it. Sh. Hira Nand Arya, may read his notice and the Minister concerned my make a statement there after.

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मै इस माहन सदन का ध्यान एक अत्यन्त लोक महतव के विशय की ओर दिलाना चाहता हूं कि हरियाणा राज्य में इन दिनों उग्रवादियेां की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। पंचकूला में दिनांक 12.8.1988 को बस में हुए बम विस्फोट की घटना जिसमें कई व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा घायल हुए तथा जिला अम्बाला व कुरूक्षेत्र की ताजा घटनाओं से लोगों में भय का वातावरण पैदा हो गया है तथा वे बसों में यात्रा करने व सिनेमा आदि देखने से घबराने लगे है। सरकार को भाई चारे के वातावरण को और अधिक बिगड़ने से

रोकने जन–धन की हानि से बचाने के लिए तुरन्त कार्यवाही करनी चाहिए तथा इस संबंध में की गइ कार्यवाही से वह सदन को सूचित करें।

वक्तव्य

मुख्य मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानकर्शण प्रस्ताव सम्बन्धी

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): स्पीकर साहब, श्री हीरा नन्द आर्य, एम0 एल0 ए0 ने प्रस्ताव द्वारा कहा है कि हरियाणा प्रांत में इन दिनों उग्रवादियों की गतिविधियों तेजी से बढ रही है। माअरखा 12.08.1988 को पंचकूला में बस में हुए बम धमाके की घटना जिसमें कई लोगों की मौत हुई तथा घायल हुए तथा अम्बाला जिला वे कुरूक्षेत्र की ताजा घटनाओं से लोगों में डर का वातावरण पैदा हो गया है तथा वे बसों में यात्रा करने ओर सिनेमा वगैरह देखने से घबराने लगे है। सरकार को भाई चारे से बचाने के लिये फौरी कार्यवाही करनी चाहिए। तथा वह इस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से सदन को सूचित करे।

स्पीकर साहब, यह कहना गल्त है कि हरियाणा प्रांत में उग्रवाद की गतिविधियों बढ़ रही है। 1.1.1987 से लेकर अब तक कुल 8 मुकद्दमात रजिस्टार हुए हैं मोअरखा 7.7.1987 को गांव दरियापुर में उग्रवादियों ने हरियाणा राज्य की देा बसों में 34 बस यात्रियों को मार दिया ओर 21 को घायल कर दिया। एक कार चालक को भी मार दिया गया। 1.1.1988 को अज्ञात आतंकवादियों

ने मास्टर ि ाव प्रसाद एम0 एल0 ए0 पर अम्बाला भाहर में हमला किया जिसमें उनका नौकर मारा गया। 9.4.1988 को 5 आतंकवादियों ने डा0 हरनाम सिंह एम0 एल0 ए0 और उनके परिवार के मैम्बरान पर भााहबाद में उनके घर में हमला किया जिसमें इनका लड़ार, लड़के की बहु ओर इनके साले का लड़का मारे गए और इस घटना में पांच आदमी घायल हुए है। 08.05. 1988 को रात लगभग 11.30 बजे पानीपत मे आतंकवादियों ने 14 लोगो की हत्या कर दी ओर 25 घायल हुए। 19.06.1988 को दो अज्ञात आतंकवादियों ने कुरूक्षेत्र में रामायण सीरियल देख रहे 16 लोगों को बम धमाके से मार दिया और 29 को घायल कर दिया। 20.06.1988 की रात को चार आतंकवदियाने खु ावंत सिनेमा से बाहर आए लोगों पर गोलिया चलाई जिसमें 6 लोग मौके परमारे गए और 9 घायल हुए। 12.08.1988 को हरियाणा राज्य की बस चण्डीगढ़ से चलने के बाद करीब 5.45 बजे पुराने पंचकूला पहूंची, तो उसमें बम फटा। उसमे ंतीन लोग मारे गए और 32 घायल हुए। 13.08.1988 को एक बम हरियाणा राज्य की बस में पानीपत मे मिला। यह बस भी चण्डीगढ़ बस स्टैण्ड से 12.08.1988 को उसी वक्त चली थी जिव वक्त पंचकूला हादसा–ग्रस्त बस चण्डीगढ से चली थी। 14.08.1988 को सूचना मिली कि अमृतसरसे एक ट्रक नाजायज हथियार और गोला बारूछ लेकर दिल्ली जा रहा हैं पुलिस फौरन हरकत में आई। पुलिस ने सरगर्मी से पीछा करके ट्रक को राक लिया। उसमें से एक चाइनीज राइल, दो मैगजीन, 115 कारतूस, 38 बोर का पिस्तौल तथा हैंड गरनेड बराम किए। ये

हथियार दिल्ली में सप्लाई किए जाने थे। इसी प्रकार एक और ट्रक को भीरोका गया। जिसमें एक पिस्तौल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ। हरियाणा पुलिस ने प्रांत में आतंकवादियों से मुकाबला करने के लिए काबले तारीफ काम किया है। लगभग सभी मुलाजिमों को पता लगा लिया हैं इनमं जिम्मेदार आतंकवादी या तो मुट्ठभेड में मारे गए है या गिरफ्तार कर लिए गए है। कोई भी आदतमी बाकी नही रहा। (थम्पिक) 78 लोगों को आतंकवादियों को पनाह देने के लिए गिरफ्तार किया हुआ हैं दस आतंकवादी, पांच हरियाणा पुलिस और पांच पंजाब पुलिस द्वारा पुलिस मुट्ठ भेड में मारे गए हैं काबिले तारीफ बात यह है कि हरियाणा पुलिस ने पंचकूला बम धमाके के जिम्मेदार आतंकवादियों की पहचान कर ली है, मगर उनके नाम बनाता केस के हित में हनी हें दरियापुर कांड के मामले में हमारी पुलिस ने यहां तक कि अपने जीवन को भयंकर खतरे में डाल कर 10/11.11.87 की रात को तीन खुंखार आतंकवादियों को पंजाब के खतरनाक इलाका मोगा से अचानक हमला करे दबोच लिया। इसी प्रकार 29/30.06. 88 की रात को हमारी बहादुर पुलिस ने समाना थाना, जिला पटियाला के गांव मुई सप्पा में पुख्ता खबर मिलने पर रेड़ किया जिसमें खुंखार उग्रवादी क ामीरा सिंह मारा गया और डा0 खु ावंत सिंह पुलिस की गोली से घायल हुआ और बच कर निकल गया। हरियाणा पुलिस के एक सब इस्पैक्अर श्री राम प्रका ा ने तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के एक सिपही श्री दौलत राम ने अपने राज्य व दे ा की आन व भान की खारि तथा राज्य

की पुलिस की बहादुरी की परम्परा को कायर रखते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। दो पुलिस मुलाजिम, एक ए0 एस0 आई0 श्री सुखबरी सिंह, हरियाणा पुलिस व एक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का जवान जख्मी हुआ। इंस्पैक्अर सोरण सिंह, इंस्पैक्अर विशन सिंह ने 16.08.1988 को हमारी पुलिस के अव्बल दर्ज की बहादुरी तथा वीरता का पूरा सबूत दिया। खुफिया और पुख्ता पुलिस आधार पर कुरूक्षेत्र की खुंखार आतंकवादियों से गांव नीमवाला थाना पेहवा के पास मुठभेड हुई। यह आतंवादी जनरल आर0 एस0 दियाल के भाई को मारने के लिएआए थे। पुलिस ने दो आतंकवादियों को मौके परमार डाला जिनसें अंसलाव बारूद बरामद हुआ इनमें से एक का नाम गुरचरण सिंह वल्द अमर सिंह साकिन भााहबाद पाया गया जोकि हरियाणा प्रांत की खुद मुकररी एरिया कमाण्डर था और दूसरे की ि ानाख्त नही हुई। यह आतंकवादी हरियाणा की ज्यादातर आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेवाद था और डा0 हरनाम सिंह एम0 एल0 ए0 तथा उसके परिवार पर कातिलाना हमले में प्रमुख अपराधी था। 14.08.1988 को हमारी पुलिस ने एन0 आर0 एल0 पंजाब गुडज कारपोरे ान के दो ट्रकों के अमृतसर से काफी तादाद में आतंकवादियेां के लिए गोला बारूद ले जाते हुए पकड़ा। यह हथियार बारूद देहली में बहुत बड़ी तोड़ फोड़ की कार्यवाही के लिए ले जाया जा रहे थे। इस कार्यवाही में पुलिस ने सब से बड़ी चुस्ती और वतन धर्म की काबलियत को सबूत दिया। सरकार पूरी तरह जागरूक है ओर उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए ताकत में में आते ही सरकार

ने ठोस कदम उठाए हैं एक डी0 आई0 जी0, एक एस0 पी0 दो डी0 एस0 पी0 और चार कमाण्डर कम्पनी तैयार की गई हैं दो हमार पुलिस कर्मचारियों की पुलिस विभाग नमें नई असामियों मंजूर की गई । भारत सरकार को मदद के लिए लिखा गया। 50 लाख रूपए की ग्रांट भारत सरकार ने दी जिससे काफी तादाद में गाड़िया खरीदी गई। पांच कम्पनिया बी0 एस0 एफ0 और सी0 आर0 पी0 एफ0 और 6 कम्पनियां गुजरात आर्मड पुलिस को इकट्ठा करक तैनात किया गया। राज्य में ग त म ाकूक जगहों की सुरक्षा तथा खुफिया विभाग को मजबूत कर दियागया हैं रेल तथा बसों के अन्दर असला पुलिस दस्ते भेजे जा रहे है। वी0 अवई0 पीज0 की हिफाजत के लिए मुनासिब इन्तजाम किए गए हैं इस सिलसिले में हमारी पुलिस से बहादुरी का एक सबूत यह मिला है कि हमारे अभी काल ही में सिरसा में लोक सभा के लिए चुने एग श्री हेतराम एम0 पी0 बस में जा रहे थे और किसी ने ड्राईवर के सिर पर पिस्तौल रख करके बस को लिक रोड़ पर ले जाने के लिए कहां लेकिन हमारी पुलिस इतनी चौकत्री है कि उसको वही पर जख्मी कर दिया और गिरफ्तार कर लिया। मै आकपे सामने बड़े गर्व से कह सकता हूं कि हमारेयहां जितनी भी आतंकवादी वारदाते हुई है इनमें या तो इस तरह की बारदात करने वाले मारे गए या हमारी गिरफ्त में है। हमारी पुलिस इतनी चौकत्री है कि इस समय हरियाणा में कही पर भी भय का नामो–नि ाान नही है।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, आरणीय मुख्य मंत्री महोदय ने हरियाणा प्रदे ा में आतंकवादियों की भड़क को रोकने के लिए की गई कार्यवाही क बारें में बड़े विस्तार से बताया है। मै आपके माध्यम से मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार से इस विशय में जिस प्रकार की उनसे सहायता मांगी गई थी, क्या उसके अनुरूप सहायता दी गई और दी जा रही है या उसमें कुछ ढील बरती जा रही है? अगर केन्द्रीय सरकार उसमे ंकुछ ढील बरत रही है तो उसके लिए हमारी सरकार औरक्या खतोकिताबत कर रही है?

चौधरी देवी लालः अध्यक्ष महोदय, हमारी तरह से पूरी कोि ा ा की जा रही जहै कि केन्द्रीय सरकार से इसके लिए ज्यादा से ज्यादा मदद ली जाए। इस बात के लिए केन्द्रीय सरकार पर बार–बार जोर डाला जा रहा हैं मुझ उम्मीद है कि यदि केन्द्रीय सरकार पंजाब और हरियाणा में हालात को सुधारना चाहती है तो हमें ज्यादा से ज्यादा मदद देगी।

(ii) राजस्व मंत्री द्वारा हरियाणा में वर्शा तथा बाढ़ से फसल तथा सम्पति को क्षति होने सम्बन्धी

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, श्री हीरा नन्द आर्य एम0 एल0 ए0 की कालिग अटै ान मो ान नं0 2 और श्री हरनाम सिंह, एम0 एल0 ए0 का कालिग अटै ान मो ान नं0 4 (2 के साथ ब्रेकेटिड) जो डैमेज आफ क्रोप्स एंड प्रौपटी इन हरियाणा वाई

रेन्ज एंड बाढ के बारें में थी, प कल रैवेन्यू मिनिस्अर साहब ने आज अपनी स्टेटमैंट देने के लिए कहा था। वे कृपया अपनी स्टेटमैट दे।

राजस्व मंत्री (श्री सूरज भान): अध्यक्ष महोदय, पिछले वर्श के अपूर्व सूखे के प चात इस वर्श मौनसून की वर्शा अच्छी हुई है यद्यपि समय पर मौनसून आ जाने का कृशकों द्वारा सारे राज्य में स्वागत किया गया था अपितु भारी वर्शा के कारण मुख्यतः राज्य के 8 जिलां नामतः अम्बाला, करनाल, कुरूक्षेत्र, जींद सिरसा, टांगरी तथा मारकण्डा नदियों के निकटवर्ती क्षेत्रों में भारी वर्शा से इन नदियों को बहाव बढ़ गया। टांगरी बन्ध में तीन स्थानों पर कटाव आने से अम्बाला व कुरूक्षेत्र जिलों के काफी क्षेत्र में बाढ़ आ गई। इसी प्रकार पंजाब क्षेत्र मं घग्गर बांध के कटाव से जिला कुरूक्षेत्र तथा हिसार के बहुत से क्षेत्र बाढ़ आ गई। पंजाब में पच्चीस धारा के किनारों में कटाव के कारण एस0 वाई0 एल0 में बाढ़ का पानी आया, जससे यह नहर 2 स्थानों पर टूटी और अम्बाला व कुरूक्षेत्र जिलों के काफी गांव जलमग्न हो गये। थानेसर भाहर की कुछ आबादी भी प्रभावित हुई। यमुना नदी द्वारा रूख बदलने पर करनाल जिले में पीरबरोली गांव की सारी आबादी बह गई। कुरूक्षेत्र, सोनीपत व फरीदाबाद के जिलों की कुछ आबादी प्रभावित हुई। सूरजपूर के नजदीक राश्ट्रीय जनमार्ग पर झाजरा नदी का पुल क्षतिग्रस्त हुआ तथा यातायात को चालू रखने हेतू बैली ब्रिज बनाने के लिए सैनिक सहायता प्राप्त की गई। इसी

प्रकार कुरूक्षेत्र जिलें में एस0 वाई0 एल0 में आये कटाव को भरने के लिए तथा कुरूक्षेत्र, हिसार व फरीदाबाद जिलों में जल–मग्न क्षेत्रों से व्यक्तियों, उनके प ाुओं तथा उनके अन्य सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिये भी सैनिक सहायता प्राप्त की गई। बाढ़ के पानी को निकालने तथा कटावों को भरने हेतु प्रभावी पग उठाये गये।

2. प्रारम्भिक अनुमानों के अनुसार लगभग 90000 हैक्टेयर फसली क्षेत्र प्रभावित हुए और फसलों को लगभग 50 करोड़ रूपये की रा ि ा की हानि का अनुमान है। वि ोश गिरदारी के आदे ा दिये जा चुके हैं और उसके परिणाम प्रतीक्षित हैं जन सेवाएं जैसे सड़के, पुल सिचाई जन स्वास्थ्य सुविधाएं इत्यादि का नुकसान 20.94 करोड़ रूपये हुआ हैं लगभग 30000 कच्चे व पक्के मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं बाढ़ के पानी के नलकूपों को भी नुक्सान पहुंचा हैं जिसका अन्दाजा लगाया जा रहा है।

3. इस वर्शा ऋतु में पीलिये के 367 केस हुए जिनमें से 227 मामले सिरसा जिले में हुए है। सिरसा जिले में पीलिया के अधिक केस होने का कारण सिवरजि पाईप लीक होना है जिसके कारण पीने का पानी दूशित हो गयारू। जुलाई, 1988 में मलेरिया के 475 मामले सामने आये। जुलाई 1988 से अब तक हैजा के 52 केस जिन में 2 की मृत्यु हो गई तथा 1634 केस जिन में से 39 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। इन बीमारियों को रोकने के लिये

आव यक उपाये किये गये है। प ाुओं मे ंकिसी बीमारी के उत्पन्न होने की कोई सूचना नही है।

4. बाढ़ से प्रभावित समस्याओं से राज्य सरकार भली–भांति जागरूक है। राज्यपाल हरियाणा तथा मुख्य मंत्री हरियाणा ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किय है तथा विभागीय अधिकारी भी खतरें वाले सभी स्थानों पर लगातार निगाह रखे हुए है। राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति का मुकाबला करने के लिये तुरन्त आव यक कदम उठाये हैं और इसी उद्दे य के लिये 305.75 लाख रूपये स्वीकृत किये है जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

क्रमांक	उद्दे य तथा जिसको रा ि ा स्वीकृत की गई थी	रा ि ा (रू0 लाखो में)
1.	सुरक्षित स्थानो ंपर पहुंचाने, आश्रय देने, खाना, चारा तथा रिग बन्ध को मैनटेन करने के लिए उपायुक्तों को	79.40
2.	जल निकासी, किनारों तथा ड्रैनेज की मुरम्मत एवं पुनः चालू करने के लिये सिंचाई विभाग को	95.00
3.	पम्प सैट, भाहरों में जल निकासी तथा पीने के पानी के लिये हैण्ड पम्पो ं के लिये जन	36.00

	स्वास्थ्य विभाग को	
4.	सड़कों की मुरम्मत के लिये लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़के भााखा) को	90.00
5.	स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये	5.00
	कुल जोड़	305.75

बाढ तथा भारी व र्ा से जिन 17 व्यक्तियों की मृत्यु बाद के पानी मे डूबने तथा मकानो ंके गिरने के कारण हुई है, के नजदीकी रि तेदारों को मुख्य मंत्री सहायता कोश से 10000 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से दिये गये हैं बाढ़ के दौरान 62 प ाुओं की मृत्यु भी हुई है।

बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को आव यक सहायता प्रदान करने के लिये 16 सहायता कैम्प्स तथा 74 स्वास्थ्य कैम्प्स लगाये गये हैं तथा जल–मग्न क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया हैं कैम्पों कमे ंरह रहे व्यकितयों को बना हुआ खाना तथा अन्य प्रभावित जनसंख्या को सस्तें दर पर रा ान तथा प ाुओं के लिये मुक्त चारा भी उपलब्ध किया गया। अब तक 3188 सिरकीज, 35000 खाली सीमेन्ट बैग, 477 क्विटल आटा, 13 क्विटल चने तथा 3.5 क्विटल दाल बांटी गई। इसके अतिरिक्त 40000 रूपये की अन्य आव यक सामग्री भी बांटी गई। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार के कार्य प्राथमिकता के आधार पर चालू करने के लिये आव यक हिदायतें जारी की गई है। बाढ़ ग्रस्त

क्षेत्रों में पुनः फसल बोने हेतु धान की फसल के लिए फासफैटिग खाद पर 20 प्रति ात छूट दी जायेगी। कृशकों को अगली रबी फसल बोने हेतु काफी इनपुट सबसिडी दी जायेगी। 6 वर्श से कम आयु वाले बच्चों व गर्भवती तथा दूध पिलानी वाली माताओं के लिये अनुपूरक पौश्टिक आहार भी प्रदान किया जायेगा। मनु यों तथा प ाुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के रोकथाम के उपाये जारी रहेगे। कृशक समाज के दुखों को दूर करने के लिये अल्प अवधि वाले सहाकारी ऋणों को लघु अवधि ऋणों में परिवर्तित किया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया है कि बाढ़ से जो नलकूप खराब हो जायेगे उनसे बिजली का खर्चा उस अवधि के लिये नही लिया जायेगा जिस अवधि के दौरान ये नलकूप कार्य नही करेगे।

इसलिए केन्द्रीय सरकार को 20.00 करोड़ रूपये की तदर्थ केन्द्रीय सहायता तुरन्तत प्रदान करने के लिये अनुरोध किया गया है तथा82.13 करोड़ रूप्ये के अनुमानित नुकसान का विवरण भी भारत सरकार को दिनांक 17.08.1988 को व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत किया गया है। एक विस्तृत ज्ञापन भारत सरकार को भीघ्र ही प्रस्तुत किया जायेगा।

मै इस अवसर पर सदन का वि वास दिलाना चाहूंगा कि राज्य सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिये हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, इस बाढ़ से प्रभावित लोगों की परे ाानियों को मिटाने के लिये सरकार ने जो कदम उठाए है उनके बारें में मंत्री जी ने विस्तार से बताया है। मै मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि बाढ़ राहत कार्यो के लिए केन्द्रीय सरकार से कितने पैसे का प्रावधान करवा रहे है ओर जो 20 करोड़ रूपये की रा ि ा की मांग केन्द्र सरकार से की गई है उसका क्या आधार है? जहां तक मै समझता हूं बाढ़ राहत कार्ये के लिए 20 करोड़ रूपये की रा ि ा बहुत की कम आंकी है। मै मंत्री महोदय से यह भी जानना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार ने उसका कोई जवाब दिया है या कि नही, यदि नही तो इसके लिए हमारी सरकार क्या पग उठा रही है?

श्री सूरज भानः इस बारें में हमने चार तारीख को केन्द्र सरकारको एक टेलीग्राम दिया हैं इसके साथ ही साथ स्पै ाल गिरदावरी के आदे ा भी दिए गए है। गिरदावरी के बादही नुकसान का पता चल सकेगा। जहां तक 20 करोड़ रूपये की रा ि ा केन्द्र से मांगने का सम्बन्ध है, यह रा ि ा तदर्थ तौर पर मांगी गइ है। और गिरदावरी के बाद ही केन्द्रीय सरकार से वाछित रा ि ा की मांग की जा सकेगी।

श्री रत्न लाल कटारियाः अध्यक्ष महोदय, कुरूक्षेत्र और करनाल जिलों में जब भी बाढ आती है, तो उससे बहुत नुक्सान होता है। बरसात से पहले इन जिलों में वाटर लेवल 50–50 ओर 60–60 फुट नीचे चला जाता है। जिसके लिए किसानो ंको

टयूबवैलों के लिए कुए बनाने पड़ते हैं यक कुंए 50–60 फुट की गहराई तक खोदने पड़ते है? जब बाढ़ आती है तो इन कुंओं में जहरीली गैस बन जाती है जिसके फलस्वरूप बाढ़ के कारण कुओं ` जहरीली गैस से अनेकों आदमी इन दोनों जिलों में मर गये है। अध्यक्ष महोदय, मै मत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि इन जिलों में भविश्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

श्री सूरज भानः अध्यक्ष महोदय, इस बारें मे एक क्वै चन है, इसका डिटैल रिप्लाई उस दिन दे देगे।

श्री भाग मलः अध्यक्ष महोदय, मै आपके द्वारा मंत्री महोदय से जाननाचाहता हूं कि मारकन्डा नदी के किनारे और रूहन नदी के किनारे हमारे दो तीन गांव है जैसे संगरहनी, मियांपुर और छोटी रसोल उन्हें खाली करने के आदे ा दइे दिये गये हैं वहां पर बहुत ज्यादा खतरा बढ़ रहा हैं जब हमने डी0 सी0 साहब को अप्रोच किया कि इन गांवों केा बचाने के लिये कुछ उपाय किये जाये तो उनहोने जवाब दिया कि हमारे पास पैसा नही है। क्या डी0 सी0 अम्बाला को पैसा दे कर उनगांवों को बचाने की कोि ाश की जायेगी क्योंकि उन गांवों में लाखों रूपये के मकान बनाये हुए है, अगर वे गिर गये तो दुबारा नही बनाये जा सकेगे।

श्री सूरज भानः अध्यक्ष महोदय, कल श्री भाग मल जी ने हाउस में जिक्र किया था कि रोहन नदी पवर मियांपरु और

संगरहनी गांवों को खतरा है। मियांपुर गांव में स्टै को काम भुरू हो चुका है, वहां पर काम बाढ के कारण रोका गया था लेकिन अब लगातार चल रहा है। संगरहनी का काम देखने के लिए एस0 डी0 एम0 को आदे ा दे दिये है। मारकण्डा के नीचे दो गांव आते है एक चमेल माजरा और दूसरा छोटा रसोल। जहां तक चमेल माजरे का संबधं है वहां पर ऐम्बैकमेंट प्रोजैक्ट सैक ान हो चुकी है। बरसात के बाद काम भु कर दिया जायेगा और छोटी रसोल के बारें में रिपोर्ट मांगी हैं

श्री हरनाम सिंहः मै इस बात से सहमत नही हूं कि हमारा बाढ कन्ट्रोल सिस्टम फेल नही हुआ। मै आपके सामने उदाहरण देना चाहता हूं। टांगरी बांध टूटा, बीबीपुर झील का बांध तीन बार टूटा है ओर लोगों ने बान्धा है। सरस्वती ड्रेन टूटी हैं और हमारे लेबर मिनिस्टर के गांव के साथ हिसार रोड का बान्ध रहे है। यानी बाढ़ ने काफी जगहों पर नुकसान किया है। दूसरीबात यह है कि जितना इन्होने नुकसान बताया है, वह बहुत कम बताया हैं इन्होने 566 गांवों को नुकसान बताया है जब कि अकेले कुरूक्षेत्र जिले मे ंऐग्रीकलचर डिपार्टमैंट ने रिपोर्ट दी है कि 378 गांवों में 75 हजार एकड़ जमीन में जीरी का नुकसान हुआ हैं जो नुकसान आंका गयाहै, यह बहुत कम आंका गया हैं आपको पता ही हैं कि सूरजपुर का हमारा पुल बह गया। इसलिए मेरी गुजारि है कि इस पर बहस होनी चाहिएं राहत के कामों का यहां पर जिक्र तक नही किया गया है। काम के बदले अनाज की

स्कीम चालू किया जाना चाहिए। लेकिन इस बारें में यहां पर कोई जिक्र नही किया गया।

श्री सूरज भानः अध्यक्ष महोदय, मैने अपने जवाब में कहा है कि यह अन्दाजा है। हमने स्पै ाल गिरदावरी के आदे ा दिये हुए है, उसके बाद ही ठीक अन्दाजा लगेगा।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, मुझे बड़ा खेद है कि मेरी काल टिन्न ान मो ान का जवाब नही दिया गया। वह बड़ी स्पैसिफिक थी। (विध्न)

श्री अध्यक्षः आप इसके बारें में सप्लीमेंटरी कर सकते है, भाशण नही दे सकते।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब मिनिस्टर महोदय ने मेरी काल अटैन्शन मो ान्न का कोई जवाब नही दिया।

श्री अध्यक्षः आपकी काल अटैन्न ान मो ान होने के कारण ही आपकों सप्लीमैंटरी करने की इजाजत दी गई हैं

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, जितना बाढ़ मेरे इलाके में आया उतना और कही भी हिन्दुस्तान में नही आया है। (विध्न) सर, मै यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि मेरी काल अटैन्न ान को आपके आफिस वालों ने पूरा पढ़ा नही। (विध्न)

श्री अध्यक्षः यह बड़ी अनफारच्यूनेट बात है। आपकों प्रोसीजर का पता ही नही हैं अगर आपको प्रोसीजर का पता होता हाते आप यहां हाउस में यह बात न करते। आप सवाल करें।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः मै आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि क्या मंत्र जी को मालूम है कि कितनी बार घग्गर, टांगरी और मारकण्डा में उफान आया और वह सारा का सारा खनौरी हैड से ही कर हिसार जिले में जाता रहा?

श्री अध्यक्षः आप सप्लीमैटरी करे।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः मै यह पूछना चाह रहा हूं कि क्या मंत्री महोदय को यह मालूम है कि इस बार कितनी बार बाढ़ आयी और उस बाढ़ का सारा पानी फतेहाबाद के आस–पास 40 गांवों में जो मेरे हल्के में पड़ते है,भर गया था और इस वक्त भी 5–6 गांवों में जो रतियां हल्के में है, 5 से लेकर 10 फुट तक पानी खड़ा हुआ है।, जबकि हिन्दुस्तान में कही पर बाढ़ का पानी नही खड़ा है?

श्री अध्यक्षः यह भाशण है या सवल है? आप सीधा या सवाल पूछे! (व्यवधान व भाोर)

श्री बलबीर सिंह चौधरीः मै इनसे यह जानना चाहता हूं कि उसके लिये इन्होने अब तक क्या कार्यवाही की हैत्र मंत्री महोदय इस बात की इन्कवायरी करायेगे कि प्र ाासन की

लापरवाही की वजह से क्या इन गांवों में बाढ़ के कारण इतना भारी नुक्सान हुआ है? (विध्न)

श्री अध्यक्षः चौधरी बलबीर सिंह जी, अब आप बैठिये। This is not the way.

श्री बलबीर सिंह चौधरीः इस बाढ़ से जो लोगों का नुक्सान हुआ है, क्या उसकी जिम्मेवारी सरकार लेगी? (Interruption & Noise)

Mr. Speaker: I won't allow you. Please sit down. You are not permitted to speak.

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, * * * *

Mr. Speaker: Nothing is to be recorded.

श्री सूरज भानः स्पीकर साहब, मुझे सारी जानकारी है। केवल मुझ जानकारी नही नही, हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री जी भी मौके पर जाकर देख आये हैं पानी का पम्प आउट किया जा रहा है।

नियम 30 के अधीन प्रस्ताव

श्री अध्यक्षः अब एक मिनिस्टर मूव करेगे कि हरियाणा विधानसभा के रूल्ज औफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट आफ बिजनैसके रूल 30 को सस्पैड किया जाये और थर्सडे 25 अगस्त, 1988 को सरकारी कात किया जाये।

Irrigation and Power Minister (Sh. Verender Singh): Sir, I beg to move-

That rule 30 of the rules of procedure of and conduct of Business inthe Haryana Legislative Assembly be suspended and Government business be transacted on Thursday, the 25th August, 1988.

Mr. Speaker: Motion movied-

कि हरियाणा विधान सभा के रूल्ज औफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट औफ बिजनैस के रूल 30 को सस्पैड किया जाये और थर्सथे 25 अगस्त, 1988 को सरकारी काम किया जाये।

श्री रधु यादवः स्पीकर साहब, मै एक निवेदन करना चाहता हूं। सामान्य प्रक्रियो के अनुरूप हमें, जो इस महान सदन के सदस्य है, बृहस्पतिवार के दिन अपने गैर सरकारी संकल्प सदन के सम्मुख रखने का अवसर मिलता है। अध्यक्ष महोदय, इस समय हमारे माननीय सदस्य चौधरी रणजीत सिंह का गैर सरकारी संकल्प, जो कन्साईनमैंट टैक्स के बारें में था, सदन के सम्मुख बहस के लिएये प्रस्तुत है और एक संकल्प मैं भी एक साल से यहां पर लानपे की कोि ा ा कर रहा हूं। मैने उसका नोटिस दिया हुआ है।

श्री अध्यक्षः अभी तक पहला रैजोल्यू ान ही चल रहा हैं आपका तो चला ही नही हैं

श्री रघु यादवः हरियाणा प्रांत में रीजनल इम्बैलैंस को दूर करने के लिये अहीरवाल डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया जाये, मैने उस बारें में एक गैर–सरकारी संकल्प आपकी सेवा में प्रस्तुत किया हुआ हैं।

श्री अध्यक्षः बिजनैस ऐडवाईजरी कमेटी की रिपोर्ट जो ऐप्रूव आप कर चुके हो।

श्री रघु यादवः इस मौके पर मै माननयी संसदीय कार्य मंत्री जे से केवल गुजारि ा करना चाहूंगा कि वे कल गैर सरकारी बिजनैस चलने दें ओर मेरा अहीरवाल डिवैल्पमैंट बोर्ड वाला गैर–सरकारी संकल्प सदन के सामने बहस हेतु आने दे।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर सर, यह जो माननीय सदस्य रघु यादव जी बो रहे थे, यह भाायद इसबात को भूल गये कि 22 तारीख को बजनैस ऐडवाईजरी कमेटी की रिपोर्ट सदन के सामने रखी थी। उस दिन भी यह ये एक भाब्भी नही बोल। जहां तक इनके प्रस्ताव का ताल्लुक है, यह प्रस्ताव कैसे आयेगा? अभी तो पिछला प्रस्ताव पैडिंग है। नैक्स्ट सै ान में या अगर इसी सै ान में अगर कोईअगला वीरवार आया तो उस पर डिस्क ान जारी रहेगी। जो इन माननीय सदस्य को रैजोल्यू ान है, वह तो अभी नजदीक और पास भी नही है। लजेकिन यह बार–बार उसकी चर्चा करत रहते है। वह तो अभी करीब ही नही हैं पता नही उकस नम्बर आये या न आये। अगर

और रैज्योलू ान आ जोय तो फिर उनकी बैल्टिंग होगी। इसलिये उनका जो वह प्वायंट है, यह बैलिड नही है।

Mr. Speaker: Question is-

कि हरियाणा विधान सभा के रूल्ज औफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट औफ बिजनैस के रूल 30 को सस्पैड किया जाये और थर्सथे 25 अगस्त, 1988 को सरकारी काम किया जाये।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की मेज पर रखे गए कागज–पत्र

श्री अध्यक्षः अब आनरेबल मिनिस्टर टेबल आफ दि हाउस पर पेपर ले करेगें।

Irrigaton & Power Minister (Sh.Verender Singh): Sir, I lay on the table the Excise and Taxation Department Notification no. G.S.R. 38/H.A. 20/73/S. 64/Amd. (1)/88 dated the 30th April, 1988 as required under Section 64 (3) of the Haryana General Sales Tax Act, 1973.

बिल्ज

(i) दि हरियाणा ऐप्राप्रिए ान (नं0 3) बिल, 1988

श्री अध्यक्षः अब डिप्टी चीफ मिनिस्टर दि हरियाणा ऐप्रोप्रिए ान (नं0 3) बिल, 1988 को इंट्रोड्यूस करेगे तथा उसे कंसीडर करने के लिए मो ान मूव करेगे।

उप–मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, मै हरियाणा विनियोग (सं0 3) विधेयक, 1988 को प्रस्तुत करता हूं।

मै यह भी प्रस्ताव करता हूं

कि हरियाणा विनियोग (सं0 3) विधेयक पर तुरन्त विचार किया जाए।

Mr. Speaker: motion moved-

That the Haryana Appropriation (No. 3) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is-

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is-

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr. Speaker: Queston is-

That schedule be the schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is-

That clause I stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting formula of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is-

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the Minister will move that the Bill be passed.

उप–मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, मै प्रस्ताव करता हूं–

कि बिल पारित किया जाए।

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Question is-

That the Bill be passed.

The motion was carried.

(ii) दि हरियाणा मुड कंडक्ट प्रिजनर्ज (टैम्पोरेरी रिलीज) बिल, 1988

श्री अध्यक्षः अब स्टेट मिनिस्टर फार सो ाल वैलफेयर एण्ड जेल्ज दि हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्ज (टैम्पोरेरी रिलीज) बिल, 1988 को इंट्रोड्यूस करेगे तथा उसे कंसीडर करने के लिए मो ान मूव करेगे।

Minster of state for Jails (Sh. Nar Singh Dhanda): Sir I introduce the Haryana Good Conduct Prisoners (Temporary Release) Bill, 1988.

Sir, I also beg to move-

That the Haryana Good Conductuct Prisoners (Temporary Release) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Good Conduct Prisonfer (Temporary Release) Bill be taken into consideration at once.

श्री रघु यादव (रिवाड़ी): अध्यक्ष महोदय, इस समय सदन के सम्मुख समाज कल्याण तथा जेल मंत्री श्री नर सिंह ढांड़ा ने अभी एक सं ाोधन विधेयक प्रस्तुत किय हैं (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) यह सं ाोधन विधेयक आज इस महान सदन के सम्माननीय सदस्यों की जेल की चार दीवारी के भीतर दुनिया में झाकनें का मौका देता है। जिसकों सामान्य तौर पर देखा नही जाता। उपाध्यक्ष महोदय, हर व्यक्ति के मन में कई बार ऐसी भावना उठती ह। कि जिससे वह अपराध कर सकता है। कुछ लोग उन भावनाओं परकाबू पा लेते है और कई बार भवावे ा में किसी व्यक्ति से जाने अनजाने में ऐसाकाम भी हो जाता है कि जो कानून की दृश्टि में अपराध है और जिसके लिए उसे दण्ड दिया जाना जरूरी हो जाता है ताकि समाज सुचारू रूप से चल सके। जेल के भीतर, चार दीवारी में, उस व्यक्ति को सुधारने का प्रयास होना चाहिए न कि उसके दमन का प्रयाय होना चहिए। यह एक मानव है। एक गल्ती उसने की है। भविश्य में वह ऐसी गल्ती न करे, समाज में कोई और उसतरह का व्यवहार और उस तरह की गल्ती न करें, इसलिए जेल के दण्ड का प्रावधान होता है। खेद की बात है कि आज भी ब्रिटि ा काल के दौरान जो जेल मैनुअल बनया गया थ ावही सभी जोलों में लागू है। उसी के अन्तर्गत कई व्यक्ति जेल की सलाखों के भीतर रहे है। डिप्टी स्पीकरसाहब, आप भी संघशर्ो से गुजरे हुए व्यक्ति है और मुझ खु ाी है। कि हमारे माननीय मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल भल जनता के लिये संघर्श करते हुए कई बार जेल की दीवारों के भीतर रहे हे। अज

जो सरकारहरियाणा पर भाासन कर रही है, उ सरकार के कर्णधारी में से बहुत से लोग जेल की चार दीवारी के भीतर कुछ समय व्यतीत कर चुके है। यह जो सं ाोधन विधेयक इस समय सदन के सम्मुख बहस के लिए प्रस्तुत है, उसका मै भरपूर स्वागत और समर्थन करता हू। साथ ही मै समाज कल्याण मंत्री महोदय ये यह निवेदन करूंगा कि जो व्यक्ति अपराध करता है कानून तोड़ता है केवल उसको सजा मिलनी चाहिए। यह नी होना चहिये कि जुल्म कोई करें और उसकी सजा कोई और भी भुगते। यह न्याय का और एक सभ्य समजा का तकाजा नही हैं अगर एक व्यक्ति ने किसी की हत्या कर दी है तो यह जुल्म है ओर उसकों कठोर से कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। लेकिन जो व्यक्ति किसी की हत्या कर देता है उसके बच्चे, पत्नी और बूढे मां बाप भी होते है जो उसकी कमाई पर निर्भर हाते है। मै खुद भी जेल में रहा हूं। भजन लाल और चौधरी बंसी लाल के भाासन के दौरान हरियाणा की जनता के हितों की रक्षा के लिय, हम रात दिन सड़कों पर आदोंलन करत रहे है। उस समय हम पर झूठे मुकदमें बनाये जाते थे और हमें सलाखों के पीछे डाल दिया जाता था। 17 जून, 1987 को जो ऐतिहासिक फैसला हरियाणा की जनता ने दिया, उससे कुछ दिन पूर्व ही मै स्वयं महेन्द्रगढ़ की जेल में 70 दिनों तक बन्द रहा हूं। मुझ पर यह आरोप था कि मैने एक तहसीलदार की हत्या के प्रयास की साजि ा की थी। उपाध्यक्ष महोदय, आप स्वयं जानते है क्योंकि आपेन भी संघर्श किया था कि चौधरी भजन लाल व चौधरी बंसी लाल के राज में भ्रश्टाचार विरोधी अभियान

चलाया था। जब विजीलैन्स के छापे मे ंरि वत लेते रंगे हाथों पकड़े जानें के बावजूद भी सरकार एक भ्रश्ट तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही करने में आनाकानी करने लगी, जब मुख्य मंत्री और उस वक्त के रेवाड़ी से सम्बन्धित मंत्री भ्रश्ट अधिकारी की पनाह देने लगे तब जनता ने मजबूर होकर चेतावानी देने के बाद सरकार का पूरा समय देने के बाद उस भ्रश्ट अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की थी। बजाये उस भ्रश्ट अधिकारी को सजादेने के उल्हा हम पर 307 का झूठा और मनघड़ैत केस बना कर हमें जेल की सलाखों कके पीछे डाल दियागया। तब मैने 70 दिनों का कारावासा भोगा था इससे पहले भी स्वर्गीय जय प्रका ा नारायण के संघर्श के दौरान, औश्रचौध्णरी देवी लाल जी के नेतृत्व में चले संघर्श के दौरान चाहे रास्ता रोकों का सिलसिला रहाहे अथवा ताना ााह मुख्य मंत्री बंसी लाल को उखाड़ फैकने का सवाल रीहा हो, हमने उस वक्त भी सलाखों के पीछे का जीवन देखा। मै यकह कहनाचाहता हूं कि कई बादऐसे व्यक्ति भी हत्या कर देता है, कई बाद ऐसा व्यक्ति भी जुल्म कर देता है जिसके ऊपर उसे बूढे मां बाप, भाई–बहन दर दर की ठोरके खाने के लिये मजबूर हेा जते हैं उपाध्यक्ष महोदय, व्यक्ति वि ोश हत्याराह हो सकता है, व्यक्ति वि ोश अपराधी हो सकता है लेकिन उसके बच्चे, पत्नी व बूढे मां बाप भी अपराधी ही हो ऐसा नही होतौं इसलिये मै जेल मंत्री महोदयश से यह गुजारि ा करूंगा कि जेल में दंड भोग रहे अपराधी जो काम करते है, उन्हें उस काम की जो न्यूनतम मजदूरी बनती है, हमे देनी चहिए। चाहे टाट बनाने का काम हो, चाहे

निवार या कम्बल बनाने का काम हो, जो भी काम सजा भोग रहे कैदियों से, अपराधियों से हम करवाए, उस का पूरा पूरा भुगतान, कम से कम जो न्यूनतम वेतन की दर होती है, उतना अव य करना चाहिये। और यदि कोई कैदी अपनी परिवारिक स्थिति को देख कर ज्यादा काम करना चाहे तों एक सीमा के बाद जो काम के माप का पैमाना है या आठ घंटे के काम की सीमा का पैमाना हो, उस समय के बाद अगर कोई कैदी काम करता है तो उसे भी ओवर टाइम की तरह कुछ ज्यादा पारिश्रमिक दिया जाए। उसमें से एक हिस्सा वि ोश ता वह कैदी अपनी जेल की कैन्टीन में खर्च कर कसे लकिन उकस कम से कम दो तिहाई हिस्सा उसकी पत्नी को किले। अगर उसी पत्नी न हो बूढे माता पिता ाी मिले। पत्नी ओर बूढे माता पिता न हो तो उस परि आश्रित बच्चों को दिया जाए। (विध्न) उपाध्यक्ष महोदय अपराधी एक व्यक्ति हो सकता है, सजा उसी व्यकित को ही मिलनी चाहिए, उसे परिवार के सदस्यों को नही मिलनती चाहिए। एक बात का जिक्र मैने कई बार किया है और सरकार ने हर बाल जवाब दिया है कि हम देख रहे है, हमने देखा है, हम देखते रहेगे। मैने वाहनों के दुरूपयोग और घरेलू नौकरों के रूप में छोंटे कर्मचारियों के इस्तेमाल के बारें में कहा हैं सरकारी अधिकारी अपने घरों में घरेलू नैकरों को बेजा इस्तेमाल करते हैं उस बारें में माननीय उप मुख्य मंत्री ने कहा था कि हम कुछ करते रहे है, हम कर रहे हहै ओर हम करते रहेगे। जो जेल के अधीक्षक और उप अधीक्षक होते है वे कैदियों को अपने घरों में घरेलू काम के लिए इस्तेमाल करते हैं कैदी उनकी

भैंस की सानी लगाते है। है आउसे घर की सफाई और अन्य सारा काम करते है। ये सारे काम नाजायज रूप से उन कैदियों से करवाए जात है। मै माननीय समाज कल्याण मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इसकों एकदम से रोका जाए। दूसीर बात, मुझे यह कहते हुए भी बडत्री खु ाी हो रही है। चौधरी देवी लाल जी जेल में सुवधिाओं बेहतर बनाने के पक्ष में है वे चहाते ह कि जेलों के कमरों में पंखे हो और टॉयलेट व बाथरूप का ठीक इंतजाम हो। इस बात को चौधरी देवी लाल हमे ा कहते रहे है। जब हमारी सरकार सत्ता में आई थी तब ही मैने मुख्य मंत्री जी का ध्यान महेन्द्रगढ जेल में पंख लगाने की ओर दिलाया था। वहां पर पंखे नगे हुए है लेकन वे खराब है। इसलिए पंखे होते हुए भी गर्मी में कैदियों को सड़ना पड़ता हैं जिस बैरक के अन्दर सजा पाए हुए कैदियों को रखा जाता है उस बैरक में भौचालय नही है। कैदी को भााम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बैरक में बन्द रहना पड़ता हैं उस दौरान अगर किसी को हाजत हो जाए तो पाखाना न होने की वजह से उसको बरामदे में भौच करना पड़ता है। वहां पर ारे बदबू के नाम सड़ जाती हैं वहां टॉयलैट बनाने की बात पांच साल से ची रही है। मुझे खु ाी है कि जब मैन चौधरी देवी लाल से, उनकी सरकार बनने के बाद, यह मांग की थी तो तत्काल उन्होने आदे ा दिए थे कि पंखे ठीक करवा दिए जाएं ओर पाखाना भी बना दिया जाएं। लेकिन मुझ ह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि कि उनके आदे ा का आज तक भी पालन नही किया गया है। आज तक वहां पर पंख दुरूस्त नही हुए है और न ही वह

भौचालय बनाया गया है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि गुडगावां और फरीदाबाद की एक ही जेल है और वह जेल पुराने अस्तबल में चल रही है। उस जेल में जितने कैदियों के रहने की व्यवस्थ है उससे कही ज्यादा रह रहे है। इसलिए मै कहना चाहूंगा कि गुडगावां और फरीदाबाद के लिए अलग–अलग जेल बनाई जाएं। फरीदाबाद में कोई जेल नही है, फरीदाबाद के कैदी गुडगावां की जूल में रखे जाते है। गुडगावां की जेल सोहना बस अड्ड़े के अपोजिट बनाई हुई हैं अगर उस जगह को बेच दिया जाए, उस जमीन को औक ान कर दिया जाए तो उससे सरकार को करोड़ों रूपए मिल सकत है और जेल किसी दूसरी जगह पर बनाई जा सकती है। जो पैस उस जमीन को औक ान करने पर सरकार को मिलेगा उस पैसे से फरीदाबाद और गुडगांवा के लिए नई जेल का निर्माण हो सकता है ओर उनमें अच्छे भौचालय बनाए जा सकते है तथा अन्य सुविधाएं भी दी जा सकती है। उपाध्यक्ष महोदय, मै समाज कल्याण मंत्री द्वारा पे ा किए गए इस सदाचारी बंदी (अस्थाई रिहाई) सं ाोधन विधेयक का भरपूर समर्थन करता हूं। अन्त में मै एक बार फिर कहना चाहूंगा कि जो कैदी उनके काम को मेहनताना ज्यादा से ज्यादा दिया जाए ताकि उनके परिवार को कोई कश्ट न भोगना पड़। जिन जेलों में स्थिति खराब है, उसको सुधारा जाए और साथ ही नई जेलों का निर्माण किया जाए। कैदियों से जो अधिकारी और कर्मचारी अपने घरों में नाजायज तौर पर काम करवाते है, उसको रोका जाए। सरकार मेरी इन बातों की तरफ

ध्यान देगी। इस आ ाा के साथ मे इस सं ाोधन विधेयक का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं। धन्यवाद।

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारू): उपाध्यक्ष महोदय, सदन के सामने हरियाणा सदाचारी बंदी (अस्थाई रिहाई) विधेयक, 1988 प्रस्तुत किया गया हैं इससे पहले पंजाब सदाचारी बंदी (अस्थाई रिहाई) विधेयक, 1962 के तहत जो कैदीजेलों में होते थे, उनको सुविधाएं देने के लिए फरलों पर छुट्टी भेजने के लिए किस प्रकार से व्यवस्था थी, वह था। लेकिन हमारी सरकार ने यह समझा और वास्तव में यह जरूरी भी था कि उसमें कुछऔर बातें भाामिल की जाएं क्योंकि समय के अनुसार परिस्थितियां बदली है। चाहे सामाजिक हों, चाहे राजनीतिक हो, परिस्थितियां बदलती है। इस प्रकार से बदलती हुई परिस्थितियायें में मै यह कहना चाहूंगा कि हमारे माननीय मंत्री श्री नहर सिंह ढांडा ने यह जो सं ाोधन विधयेक सदन के सामने प्रस्तुत किया है, उसके लिए वे बधाई के पात्र है। कोई भी व्यक्ति अगर कानून की निगह में काइ जुर्म कर दें, तो उसकों समाज मिलनी ही चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को सजिा मिल भी जाए तो सजा मिलने के बाद अगर किसी व्यक्ति की मानवता समाप्त कर दी जाए तो यह मानवता के प्रति एक अपराध जैसी बात होती है। यदि किसी व्यक्ति को सजा हो भी जाती है तो सजा भुगतने के दौरान उसके कुछ सामाजिक रि ते भी होते है, उसकी सामाजिक परिस्थितियां भ्ज्ञी होती है और उसकी आर्थिक परिस्थितियां भी होती है। इसदुनियादारी में उससे

संबंधित व्यक्तियों को, केवल उसको ही नही, उसके परिवार से संबंधित जो लोग है, उन लोगो ंको भी एक प्रकार से सजा हो जाती है। जिस व्यक्ति को सजा मिलती है, वह उसको ंपूरी भुगतेगा लेकिन अगर उसका आचरण ठीक हो, उसका सदाचार ठीक हो तो उस विशय में यह जरूर देखना चाहिए कि अगर कोई व्यक्ति खेती करता है तो उसके लिए फरलो छुट्टी देने की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। अगर उसके परिवार में केवल वही व्यक्ति काम करने वाला हो तो उसको फसल काटने के टाईम पर या फसल की बुआई के टाईम पर फरलो पर टैम्पोरेरी छुट्टी दे दी जाए। कई बार ऐसी बात होती है कि जो व्यक्ति जेल में होता है, उसकी पत्नी य उसके बच्चे या खुद यदि बीमार हो जाए तो उसके लिए बहुत परे ाानी हो जाती है। जेल की परिस्थितयों के बारैं में आपको पता है कि किस प्रकार की होती है। जो लोग जेलों में रहे है, उनकों पता है कि चार दीवारी के अन्दर रहना कितना भयंकर काम होता है और जो लोग जेल मे रहे है, उनको भाारीरिक ही नही बल्कि मानसिंक यातनाएं भी बहुत होती हैं जिस व्यक्ति को हेाती है, केवल वही व्यक्ति इस बारें में जान सकता है। आप भी रहे होगे और कई साथी भी जेल में रहे है। मेरह कहने का मतलब यह है कि जिस प्रकार से यहां हाउस में आने से सभी मैम्बर आपस में एक साथी हो जतो है। उसी प्रकार से जेल में रहने वाले लोग भी एक साथी की तरह ही हो जाते हैं हमारे नेता चौधरी देवी लाल जी का तो जेल जो का बहुत अधिक अनुभव हैं इसलिए मानवता के आधार पर इनकी हमे ाा ऐसे लोगों के प्रति

सहानुभूति रही है। जेलो में ऐसा होता रहा है कि यदि जेल में हरने वाले व्यक्ति का कोई रि तेदार बीमार हो जाए या उसकी डैथ हो जाये याओर कोई जरूरी काम हो तो भी वह किसी से नही मिल सकता था। इसी प्रकार से अगर किसी की लड़की की भाादी हो तो भी वह उस भाद में अब तक जा नही सकता था। इस संबंध में मै भाायद गलती पर नही हूं तो बताना चाहूंगा की ऐमरजैसी के दौरान चौधरी देवी लाल जी की पोती की भाादी थी लेकिन उन्हें उस भाादी में भाामिल होने के लिए जाने नही दिया गया था ऐमरजैसी के दौरान हमारे साथी श्री टेक राम जी और कई साथी थे, जिनके साथ बहुत अन्याय हुआ था। उस समय चाहे कितना ही आव यक कार्य किसी को क्यों न रहा हो लेकिन उन्हें उस समय एक दिन के लिए भी जेल से पैरोल पर नही छोड़ा गया था। इन सारी बातों से प्रभावित हो कर ही यह विधेयक हमारी सरकार लाई हैं इस बारें में मै यह भी कहना चाहूंगा कि कई बार नियम तो बना दिए जाते है, लेकिन उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में नही लाया जाता। इस प्रकार कथनी और करनी में काफी अन्तर हेा जाता है। और वेनियम केवल कागजों तक ही सीमित रह जाते हैं ऐसे नियमों को ठीक प्रकार से लागू करना ही सबसकी जिम्मेवारी बनती है। जो व्यक्ति चार दीवारी में बंद होता है, उसे तो पता नही होता कि उसके घर परिवार में क्या कुछ हो रहा है। अब तक ऐसे लोग जो जेलों में बंद है, बिना जेल अधीक्षक की अनुमति के किसी से मिल नही सकते थे। उसे चाहे कितनी ही यातनाएं जेल के अन्दर दी जाएं, किसी को कुछ पता नही चल

पाता था। इसके साथ ही साथ मै यकह कहना चाहूंगा कि जेलों के अन्दर जो लैटरीन्ज की सुविधा है, पानी की सुविधा है या स्वास्थ्य संबंधी जैसे भाुद्ध हवा की जरूरत है, सभी होने चाहिए ताकि जो सा उसे मिल है वह ठीक प्रकार से काट सके। कई बार पीने का पानी बहुत ही खराब आता है। अम्बाला जिले की जेल के बारें में मै बताना चाहूंगा कि जब मै अम्बाला जिले की जेल में बन्द था तो उस समय उस जेल के पीने के पानी में काफी मिट्टी और तेल जैसा स्वाद अनुभव होता था। अब पता नही कि वहां का पानी ठीक कर दिया गया है या नही। मेरे कहने का मतलब यही है कि इन सारी बातों की तरफ भी जेल अधिकाारियों को और सरकार को ध्यान देना चाहिए। इसी प्राकर से एक बात मै यह कहना चाहूंगा कि जेलों में जो फर्नीचर वगैरा है, उस परउनकी हिस्सेदारी को बढ़ाया जाना चाहिए। पहले भाायद उन्हें ऐसा काम करने पर 50 पैसे प्रति दिन के हिसाब से दिए जाते थे लेकिन अब भाायद एक रूपया का दिया गया है। इस संबंध में मेरे कहने का मतलबयह है जिस प्रकारसे किसी कारखाने में काम करने वाले मजदूरों को, बोनस बगैरा देकर, अतिरिक्त सहायता दी जाती है, उसी प्रकार से इन लोगों को भी उनके किए गए काम में हिस्सेदारी बढ़ाई जानी चाहिए। कई कारखानेदार अपने मजदूरों को बोनस वगैरा इसलिए देत है कि उसके मजदूर काम अधिक और ठीक करें। इसी प्रकार से इन लोगों की भी हिस्सेदारी बढ़ाई जानी चहिए ताकि वे भी अच्छा काम कर सके। जेलों में ऐसे काफी लोग बन्द होते है, जो बेचारे बहुत ही गरीब होते है और

उन्हें जो कुछ उनकी हिस्सेदारी मिलती है, उसे बचा कर अपने परिवार के पास भेजते रहते हैं इसलिए मेरी इसबारें में सरकार से प्रार्थना है कि इस ओर अव य ध्यान दिया जाए। कई बार जेल अधिक्षक ऐसे लोगें से नाजायज काम भी करवते हैं जैसे यदि उनके अपने फार्म है या किसी रि तेदार का कोई कारखाना है, तो उन्हें काम करने के लिए भेजा जाता है। कई बार यह भी देखने में आया है कि यदि किसी बड़े व्यक्ति का किसी से वैर भाव होता है तो वह पुलिस से मिलकर उसे किसी झूझे केस में जेल मं बंद करवा देताहै और फिर उसी व्यक्ति से अपना बदलता लेने के लिए जेल अधीक्षक से मि कर अपने फार्म पर याकारखाने में काम करवाता है। इस बारें में भी सरकार को खासतौर पर देखना चाहिए कि जेलों में बंद लोगों के सथ कोई अन्याया न होने पाये। जो जेल अधीक्षक है, उनके पास काफी जमीन और काफी बड़े बड़े फार्म हैं जो उने पास रैजिउै ायल हाउसिज होते है, उनमें भी वे इन जेल में बंद लोगों से अपना काम करवाते है ओर घर की जमीन पर ही अनाज वगैरा पैदा करवतो हैं ऐसा काम होने पर न तो उस बन्दी को कुछ मिल पात है और न ही सरकार को कुछ मिल पाता हैं उपाध्यक्ष महोदय, इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उन द्वारा जो पैदावार की जाती है, उसमें से इनकों भी रहात दी जाती चाहिए। जितनी जमीन उनके मकानों के लिये जरूरी हो, उतनी ही जमीन दी जानी चाहिए। अगर उनके पास फालतू जमीन होगी तो वे जेल के कैदियों से उस पर काम

करवाते है। और उस जमीन से हजारों लाखों रूपये की आमदनी करते हे।

इस विधेयक में और भी अनेक बातें है, जिनके बारें में कहूंगा कि हमारी सरकार नइ एक बहुत अच्छा प्रयास कियाहैं मै सरकार से तथा श्री नर सिंह ढांडा से यह प्रार्थना करूंगा कि पुलिस के कानून अंग्रेजों के जमाने के बने हुए है और ठीक चीजें कई बार ढूंढने पर भी मिल नही पाती है। इसलिए नये सिरे से कोई कमेटी या कमी ान बना दिय जाए जो कि सारे विशय की जांच पड़ताल करके कानून और पुलिस मैनुअल को नही सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार बनाए। आज के जमाने में पुलिस नागरिकों के लिए एक आद र्ा स्थापित करने वाली संस्था होनी चाहिए। जो अपराधी है,उनके लिएजेले तो होनी चाहिए लकिन उन जेलों में उनके साथ जो व्यवहार उकों मिलना चाहिए। गुनाहगार को सजा अव य दी जाए लेकिन मानवता को समाप्त न किया जाए। इन भाब्दों के साथ ही मै इस बिल का समर्थन करता हूं और मुझ बोलने के लिए आपने जो समय दिया है, उसके लिए धन्यवाद करत हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री रत्न लाल कटारिया (रादौर–अनुसूचित जाति): मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, मै इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं उपाध्यक्ष महोदय, जैसे कि इस सदन में सभी माननीय सदस्य जानते है कि इस मुल्क के अन्दर ऐसे हालात भी आए कि पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्यवाही से सभी स्तम्भित रहे

गए। उदाहरण के तौर पर हिन्दुस्तान के न्दर एक बिहार राज्य हैं वहां की जेलों में कैदियों के साथ ऐसा अमानवीय व्यहसर हुआ जिसे सुन कर रोंगटे खेड़े हो जाते हैं उस राज्य में एक स्थान है भागलपुर। वहां पर पुलिस ने कैदियों पर इतने अत्यचार किए जिसकी कोई मिसाल नही मिलती। उन्होने कैदियों की आंखो में तेजाब डालकर उनकों अन्धा कर दिया। इस प्रकार के पुलिए के जुल्म, अत्याचारों और अमानवीय व्यवहार की घटनाए अक्सर सुनने में आती ही रहती है। इस बात को हरियाणा की लोकप्रिय सरकार ने महसूस किया है कि कैदियों के साथ मानवी सलूक होना चाहिए क्योंकि इस प्रकार की जालिम सरकारे भी आती रहती है जो कैदियों को रिलीफ `दने की बजाए क्रूर तरीके अपना कर उनको परे ाान करती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए हरियाणा की लोकप्रिय सरकार ने यह जो अमैण्डमैन्ट प्रस्तुत किया है, उसके अन्दर यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई कैदी जेल के अन्दर अच्छा बर्ताव करता है तो उसकी टैम्परेरी रिहाई की बात हे सकती हैं क्योंकि मै पे ो से वकील हूं इसलिएये कई मामलों में बड़े दु:खद और अमानवीय वाकया भी मैने देखे है। कुरूक्षेत्र जिला की एक घअना का जिक्र मैं यहां करना चाहता हूं एक बुढ़िया के पांच बेटे थे जो कि एक मर्डर केस में इन्वौल्वड थे और जेल में बन्द थे। वह बुढ़िया अपने बच्चों की जुदाई का गम बर्दा ात नही कर सकी और उसने दम तोड़ दिय। ऐसे दु:खद मौके पर यह कैसी विडम्बना थी कि पांच बेटों के हाते हुए भी उस बुढ़िया की अर्थी को कन्धा देने के लिए एक भी बेटा मौजूद नही था। इस

बिल में यह व्यवस्ाा की गई है कि यदि किसी कैदी का व्यवहार अच्छा है तो वह अपने मासूम बच्चों को देख सकता है, जो उसकी जुदाई में ि ाक्षा के अभाव में रहते है। वह कैदी अपने घर की परिस्थितियों में सुधार कर सकता है ंउसके मासूम बच्चों ने क्या गुनाह किया हुआ होता है, जिसके कारण उनको उसकी जुदाई बर्दा त करनी पड़ती है ओर उसके रि तेदार पत्नी आदि उससे मिलने से वंचित हो जात हैं उपाध्यक्ष महोदय, इन भाब्दों के साथ में इस बिल का समर्थन करता हूं और आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री हरनाम सिंह (ाहबाद): डिप्टी स्पीकर साहब समाज कल्याण मंत्री महोदय न जो हाउस के सामने बिल पे ा किया है, उसका मै स्वागत करता हूं और उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं कयोकि यह कैदियों की रिहाई और पैरोल के बारें में है लेकिन इसके साथ–साथ मै यह बात भी कहना चाहता हूं कि सरकार को आम कैदियों के सुधार के बारें में भी विधेयक लाना चाहिए। जो लोग जरायम करके जेल में चले जाते है, उनके सुधार के बारें के बारें में भी कोई विधेयक आना चाहिए। कुछ लोग तो प्रोफै ानल क्राइम करने वाले होते है लेकिन कुछ लोग ऐसे होते है कि जैसे कोई लड़की हो गई, उसमें सजा हो गईं या कोई कत्ल के जुर्म में सजा हो गई तो उनके लिए कोई न कोई विधेयक आना चाहिए ताकि वे अच्छे इन्सान बनें। उनके बारें में

हमें अलग से देखना चाहिए। उनके सुधार क लिए अलग से विधेयक लाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस विधेयक में मै कुछ अमैडमैंट चाहता हूं। इस विधेयक में परिवार के बारें मं लिखा है कि ये ये लोग परिवार के सदस्य गिने जायेगे। उसमें पुत्र–वधु और दामाद को भी भाामिल किया जोय क्योंकि ये भी रि ते में दूर के नही होते है। दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि जब कैदी छुट्टी चला जात है तो लेट पहुंचने पर इस बिल में उसे सजा की तजवीज हैं अगर कैदी एक दिन लेट आया तो अधिक से अधिक पांच दिन की माफी की कटौती होगी या एक महीने के लिए कैन्टीयन की सहूलियतें बन्द होगी या मुलाकात या चिट्ठी बन्द होगी। मै समझता हूं कि लेट पहुंचने पर यह सजा कैद की भाक्ल में हो, नही तो डिसिपलिन बहुत कमजोर हो जायेगा। अगर कोई एक दिन लेअ आता है और उसका जवाबद तसल्लीबख्भा पाया जाता है तो उसे छोड़ देना चाहिए। अगर उसका जवाब तसल्लीबख्भा नही है और गल्त है तो उसे दो गुने से पांच गुने तक यानी एक दिन लेट होने पर उसकी दो दिन की छुट्टी काट ली जाये और वह ज्यादस से ज्यादा पांच तक हो। वारनिंग वगैरह देना तो हौसला अफजायी ही होगी ओर अगर वह ज्यादा दिन रहेगा तो कल और भी ज्यादा सवाल पैदा हो जायेंगे। जेल में जहां हम सहूलियतें देने जा रहे है वहां डिसिपलिन भी मेनटेन करना चाहिए। अगर हमें

अपनी ने ान को और हरियाणा को बनाना है तो इन सब बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

मै एक बात और भी कहना चाहता हूं। मै भी कई बार पोलिटिकल बन्दी के तौर पर जेल में गया हूं। वहां जो दिक्कतें है, वे मैने देखी है। इसलिएआज के जमाने में जेल मैनुअल को तबदील करने की जरूरत हैं वह अंग्रेजों के वक्त का बना हुआ है उसको बने हुए 80–90 साल हो गये है। अब मेरे पास स्पैसिफिक मद नही है जिसके कारण मै यहां नही बता सकता। अगर जेल में ग्रेजुएट या पढ़ा लिखा चला जाये तो वे हर आदमी से अंगूठा लगवाते है। यह बात बहुत चुभती है। जब मै जेल में गया तो झगड़ा भी हुआ। इसलिए मैनुअल को देखना चाहिये, उसको अमैड करना चाहिए। जेल के सुधार के लिए इन्सैन्टिव देना चाहिए हमें लोगों को अच्दी भाहरी बनाना चाहिए इसके लिए बाकायदा एक कमेटी बना कर लोगों से तजवीज मांगी जाये ओर दूसरा विधेयक बनाया जाये। इन भाब्दों के साथ मै इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री मोहिन्द्र (रोहट): उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा सदाचारी बन्दी (अस्थाई रिहाई) विधेयक 1988 को माननीय मंत्री जी ने सदन के सामने पे ा कियाहैं मै इ विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हआ हूं। मै मंत्री महोदय का धन्यवादी हूं कि इस बिल में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यानी जिल से नागरिक वंचत रह जाते है,उन्हे ंदेने के लिए सरकार यह

